जिलाधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

बस्ती,। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए



जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। रविवार को जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने द्वितीय पाली में विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सेन्ट्रल अकादमी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सिविल लाइन तथा किसान इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराई जाए तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया। उन्होंने कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी व्यवस्था देखी और निर्देश दिया कि परीक्षा कक्षों सहित अन्य निर्धारित स्थानों पर लगातार निगरानी सुनिश्चित की जाए। परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें।जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने कहा कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी केंद्र व्यवस्थापक और संबंधित अधिकारी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

स्वास्थ्य मेले में मरीजों का परीक्षण

बभनान बस्ती। शासन के निर्देश पर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर शिविर आयोजित किया गया। जिसमें अपने उपचार के लिए काफी संख्या में मरीज बृद्ध बालक तथा महिलाओं ने हिस्सा लिया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बभनान में संबद्ध होमियोपैथी अस्पताल रमया हरैया ब्लाक का तथा परसरामपुर ब्लाक का गौरा पाण्डेय भी चल रहा है। बभनान एलोपैथिक डा की कुर्सी खाली दिखी जबकि आयुर्वेद तथा होमियोपैथी के डाक्टर आशुतोष गुप्ता मरीजों के दवा तथा उपचार की सलाह दे रहे थे । होमियोपैथी में मरीजों की संख्या काफी रही । यद्यपि रविवार को स्वास्थ्य मेले में तीनों ?दवाखाना का केंद्र बिंदु ऐलोपैथिक ही रहता है।दो बजे तक तकरीबन अस्सी मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया।

यहां कार्यरत चिकित्सक करीमुद्दीन खान से अनुपस्थित रहने की जानकारी ली गई तो उन्होंने दूरभाष पर बताया कि परीक्षा देने बरेली गये है।

प्रथम परिवहन मेले का आयोजन

बस्ती। संभागीय परिवहन कार्यालय, के सभागार में प्रथम परिवहन मेले का आयोजन किया गया। साथ ही सरदार बल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता की शपथ भी दिलायी गयी। मेले को सम्बोधित करते हुये ब्लाक प्रमुख, ने कहा कि जनता को परिवहन विभाग के द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं को सुलभता पूर्वक उपलब्ध कराये जाने के उददेश्य से परिवहन मेले का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्र के निर्माण के लिए हम सभी करों का समय से भुगतान करें, यातायात नियमों का पालन करें, तथा सड़क दुर्घटनाओं में यदि कोई घायल हो जाए तो घायलों को निकटमत अस्पताल तक पहुंचाये तथा सरकार द्वारा राहवीर योजना के अन्तर्गत रु0 25,000 का पुरस्कार भी पायें। परिवहन मेले के उद्घाटन के दौरान श्रीमती माला बाजपेयी, वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रशासन), बस्ती के द्वारा अवगत कराया गया कि जनसामान्य को परिवहन विभाग की सेवाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, जिससे आवेदकों जनसामान्य को बकाया कर जमा कराये



जाने, मोबाइल नंबर अपडेट कराये जाने, नये वाहन के पंजीकरण, फिटनेस तथा परमिट आदि सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए 06 काउण्टर बनाये गये, जिस पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी। मेले का उदेद्श्य राजस्व अर्जन के साथ-साथ जनसामान्य को एक ही स्थान पर सभी सेवाओं को उपलब्ध कराना भी है, जिसमें आज प्रस्तुत किये गये समस्त आवेदनों के निस्तारण तत्काल किया जा रहा है।फरीदउद्दीन संभागीय परिवहन अधिकारी, संभाग द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशों के क्रम में आज प्रथम परिवहन मेले का आयोजन किया गया है तथा माह नवंबर, 2026 के चतुर्थ शुक्रवार तथा माह दिसम्बर, 2026 के चतुर्थ शनिवार को भी मेले का आयोजन किया जाएगा। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि सभी वाहन स्वामी अपना मोबाइल नंबर वाहन डाटा बेस पर अविलम्ब अपडेट करा लें, ताकि वाहन के प्रपत्रों की वैधता सम्बन्धी सूचनाएं मिलती रहें। इसी क्रम में सुरेश मौर्या, संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन), बस्ती संभाग के द्वारा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें मरने वाले व्यक्तिओं के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें तथा ओवरस्पीडिंग एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें। यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचे।कार्यक्रम के अन्त में धर्मेन्द्र कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(सड़क सुरक्षा), बस्ती के द्वारा मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार सिंह जी, ब्लाक प्रमुख, विक्रमजोत, बस्ती का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में अन्य विभागीय अधिकारियों में श्री शिव कुमार मिश्रा, यात्री मालकर अधिकारी, बस्ती, समस्त कर्मचारियों एवं आवेदक वाहन स्वामी उपस्थित रहे।परिवहन मेले में 43 वाहन स्वामियों को पेनाल्टी में 1.33 लाख की छूट प्रदान करते हुए 48 वाहनों से कुल 30.46 लाख बकाया राजस्व जमा कराया गया।

विभिन्न पटाखा, आतिशबाजी की दुकानों का किया निरीक्षण

बस्ती। आगामी पर्व दीपावली व छठ को सकुशल, सुरक्षित व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत दिनांक-01.11.2026 को अपर जिलाधिकारी बस्ती, अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री श्यामकांत द्वारा क्षेत्राधिकारी यातायात कुलदीप सिंह यादव, प्रभारी निरीक्षक पुरानी बस्ती मय पुलिस टीम व फायर टीम बस्ती की उपस्थिति में थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न पटाखा आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण कर उनके भंडारण, उनके स्टॉक रजिस्टर, उनके लाइसेंस व लाइसेंस की अवधि लाइसेंस की नवीनीकरण अवधि, चैहद्दी नक्शे, आस-पास के क्षेत्र, 6- विद्युत् विभाग के मानकों आदि का निरीक्षण कर दुकानदारों को न्यायालय, पुलिस मुख्यालय व शासन-प्रशासन द्वारा प्राप्त आदेश-निर्देशों से अवगत कराते हुए दिशा-निर्देशों का पालन करने व आग से बचाव हेतु बालू, पानी, अग्निशमन यंत्र रखने, दुकानों के आस-पास धूम्रपान न करने, निर्धारित मात्रा से



अधिक आतिशबाजी सामग्री का भण्डारण न करने, पटाखा आतिशबाजी लाइसेंस के शर्तों, सुरक्षा मानकों का कड़ाई अक्षरशः पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा साथ ही साथ आमजन से आतिशबाजी का प्रयोग सावधानी से करने हेतु अपील किया गया।

परशुरामपुर क्षेत्र में जुए का कारोबार जोरों पर

श्रृंगीनारी, हर्रैया (बस्ती)। परशुरामपुर थाना क्षेत्र में कथित रूप से जुए का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। क्षेत्र के कई स्थानों पर खुलेआम जुआ खेले जाने और लाखों रुपये के दांव लगाए जाने की चर्चाएं हैं। हैरानी की बात यह है कि इन गतिविधियों को लेकर स्थानीय स्तर पर पुलिस की कथित मिलीभगत की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं।

स्थानीय लोगों के बीच हो रही चर्चाओं के अनुसार परशुरामपुर कस्बा, झलिया समय माता मंदिर के समीप, बरहपुर पांडेय नहर पुलिया, सिकंदरपुर, हैदराबाद और कुसमौर घाट सहित कई स्थानों पर कथित रूप से जुए की फड़ सजती हैं। इन स्थानों पर रोजाना बड़ी रकम का दांव लगाए जाने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जुए के इस कथित कारोबार के कारण क्षेत्र का सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है। युवाओं को इसके जाल में फंसने और आर्थिक नुकसान उठाने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि, इन स्थानों पर जुआ संचालित होने और पुलिस की संलिप्तता से जुड़े आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।अब सवाल यह है कि यदि क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियां संचालित हो रही हैं लेकिन पुलिस की कार्रवाई शून्य है। स्थानीय लोगों ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

भाजपा नेता मनोज सिंह ने ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र

बस्ती। नगर पंचायत भानपुर के गठन के बाद भी कई वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी विद्युत व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या को लेकर भाजपा मण्डल कार्यसमिति सदस्य एवं विधानसभा- 309 रुधौली के मनोज सिंह ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर वंचित क्षेत्रों को शहरी विद्युत व्यवस्था से जोड़ने तथा अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की है।

ऊर्जा मंत्री को भेजे पत्र में मनोज सिंह ने कहा है कि नगर पंचायत भानपुर के गठन के बाद कुछ क्षेत्रों को शहरी विद्युत व्यवस्था से जोड़ दिया गया है, जबकि सोनहा, आहार, मंडफ, खैरा, खुटेहना, कड़जहना, नौगढ़वा, बनवधिया, उकड़ा, करमहिया, कोपा, मिश्रौलिया, बनटिकरा और पेलनी सहित कई वार्ड अब भी इस सुविधा से वंचित हैं। इसके चलते स्थानीय



नागरिकों को बिजली संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि इस संबंध में पूर्व में भी विभागीय स्तर पर पत्राचार और अधिकारियों से वार्ता की जा चुकी है, लेकिन अभी तक अपेक्षित कार्रवाई पूरी नहीं हुई है। नगर पंचायत के गठन के बाद सभी वार्डों को समान रूप से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है।भाजपा नेता मनोज सिंह ने ऊर्जा मंत्री से मांग की है कि संबंधित विद्युत अधिकारियों को क्षेत्रों की समीक्षा कराने, शहरी विद्युत व्यवस्था से वंचित वार्डों को नियमानुसार जोड़ने तथा अधूरे कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि इस समस्या का शीघ्र समाधान होने से भानपुर नगर पंचायत के सभी पात्र वार्डों के नागरिकों को बेहतर विद्युत सुविधा मिल सकेगी।

परिजनों से मिला बसपा प्रतिनिधि मण्डल: दिलाया न्याय का भरोसा

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के थाल्हापार गांव में ससुराल से लौट रहे दलित जन्मेजय की कुदाल के पिछले हिस्से और लात-घूंसों से पिटाई कर हत्या किए जाने के मामले में बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और आर्थिक सहयोग प्रदान किया। साथ ही परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।ज्ञात रहे कि जन्मेजय की गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर लखनऊ रेफर किया गया था। हालांकि, लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही बहुजन समाज पार्टी बस्ती के जिलाध्यक्ष जय हिन्द गौतम के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आरोपियों के



खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है।

रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में बसपा के मुख्य मंडल प्रभारी डॉ. मदन राम, धर्मदेव प्रियदर्शी, रामसूरत चैधरी, मुख्य जोन प्रभारी कल्पनाथ बाबू, के.के. गौतम और जिलाध्यक्ष जय हिंद गौतम प्रमुख रूप से शामिल रहे।इस दौरान मुख्य मंडल प्रभारी डॉ. मदन राम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। परिवार को भविष्य में भी किसी प्रकार की जरूरत होगी तो पार्टी के लोग हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष से फरार चल रहे एक आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो पार्टी के लोग उच्चाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने तथा सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दिलाने के संबंध में भी फोन के माध्यम से बस्ती के उच्चाधिकारियों से वार्ता की।इस मौके पर महादेवा विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप गौतम, श्याम भवन बौद्ध, आशुतोष सिंह, अजय पांडेय, अलीम अहमद, दीपक कुमार, सुभाष गौतम, राम सरोज, केपी राठौर, प्रमोद कुमार, ताड़केश्वर नाथ, बीपी सक्सेना, विष्णु आनंद, अजय कुमार, बबलू लाल, रामचेत निराला, राजेश प्रताप सिंह, रामसागर, शैलेंद्र गौतम, महेंद्र कुमार, दिनेश, देशराज, विकास गौतम, राजीव राव और राना अंबेडकर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

निर्माण के कुछ ही महीनों बाद टूट गई रेलिंग

बस्ती,। नेताजी सुभाष चंद्र चैक (फव्वारा तिराहा) पर लगी रेलिंग निर्माण के कुछ ही महीनों बाद टूट गई।



मूर्ति के पास चढ़ने वाली सीढ़ियाँ भी क्षतिग्रस्त हैं। ऐसे मे मूर्ति के पास जाकर माल्यार्पण करने या साफ सफाई करने वाले दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत श्रीवास्तव ने नगरपालिका अध्यक्ष व ईओ को पत्र लिखकर क्षतिग्रस्त सीढ़ियों व रेलिंग के मरम्मत की मांग किया है।उन्होने कहा सुरक्षा व दीपावली पर की जाने वाली सजावट के दृष्टिगत रेलिंग और सीढ़ी की मरम्मत आवश्यक है। रंजीत श्रीवास्तव का कहना है कि नेताजी सुबाष चन्द्र बोस चैक शहर के प्रमुख स्थलों में से एक है, जहाँ प्रत्येक वर्ष दीपावली पर आकर्षक सजावट की जाती रही है।

सरयू नहर कॉलोनी में जमीन पर पड़ा है विद्युत केबल

विक्रमजोत, हर्रैया (बस्ती)। विक्रमजोत विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरपुर में सरयू नहर कॉलोनी और गोदाम के पास बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है जहां महीनों पहले आई आंधी-तूफान में बिजली पोल से सप्लाई वाली केबल टूट कर नीचे गिर गई जो आज तक नहीं ठीक की गई। केबल गिरने से विनोद कुमार मोदनवाल, संजय मोदनवाल सहित कई उपभोक्ताओं की बिजली बाधित हो है। शिकायत के बाद भी कर्मचारियों ने करीब 15 दिन बाद सप्लाई तो बहाल कर दी, लेकिन जमीन पर गिरे केबल को न तो हटाया और न ही वापस खम्भे पर लगाया। खास बात यह है कि जमीन पर पड़े इस केबल में अभी भी बिजली सप्लाई हो रही है, जो कभी-कभार स्पार्क भी करता है। नहर कॉलोनी और गोदाम में लोगों और जानवरों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। जानवर गोदाम परिसर में चारा चरने के लिए जाते हैं, ऐसे में बिजली विभाग की इस लापरवाही से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध



में अवर अभियंता ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं थी, आज जानकारी हो रही है। जांच करवा कर केबल को जल्द खम्भे पर लगवा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने मांग किया है कि विभाग जल्द से जल्द जमीन पर पड़े करंट वाले केवल को खम्भे पर लगाए ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर रामलीला मैदान में गरजे किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता

बस्ती। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस के



प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बस्ती से किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया यादव भारतीय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की। इस अवसर पर किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार का तानाशाही रवैया अब नहीं चलेगा। देश की जनता जाग चुकी है और लोकतांत्रिक अधिकारों तथा संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता को लेकर सजग है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा और लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तत्परता के साथ संघर्ष कर रही है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज सर्वोपरि है। संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखना बेहद जरूरी है। कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। रामलीला मैदान में बस्ती से पहुंचे किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए पार्टी के आंदोलन को मजबूती प्रदान की।

जेल से रिहाई के बाद पूर्व मंत्री रामकरन आर्या से मुलाकातों सिलसिला जारी

बस्ती। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रामकरन आर्या की जेल से रिहाई के बाद उनके बस्ती स्थित आवास पर समर्थकों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। रविवार को भी उनके आवास पर मिलने वालों का सिलसिला जारी रहा। पूर्व मंत्री ने एक-एक कर लोगों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान लोगों के साथ उनका आत्मीय संवाद भी देखने को मिला।गौरतलब है कि रामकरन आर्या हाल ही में जेल से रिहा होकर अपने आवास पहुंचे हैं। उनकी रिहाई के बाद से ही उनसे मिलने के लिए पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों का लगातार पहुंचना जारी है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग उनके आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात कर रहे हैं और उनका हालचाल जान रहे हैं।रविवार को भी उनके आवास पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की आवाजाही बनी रही। पूर्व मंत्री ने सभी से सहजता और आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने लोगों की बातें सुनीं और उनका हालचाल जाना।राजनीतिक जीवन में लंबे समय तक सक्रिय रहे रामकरन आर्या के प्रति उनके समर्थकों और शुभचिंतकों का यह जुड़ाव इन मुलाकातों के माध्यम से नजर आ रहा है। जेल से रिहाई के बाद लगातार हो रही इन मुलाकातों ने उनके आवास को एक बार फिर राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना दिया है।फिलहाल, पूर्व मंत्री के आवास पर मिलने-जुलने का सिलसिला लगातार जारी है और उनसे मुलाकात करने वालों की आवाजाही बनी हुई है।

सरदार पटेल होना आसान नहीं-डा. वी.के. वर्मा

बस्ती। पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल गोटवा में भारतीय कुर्मी महासभा जिलाध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा के संयोजन में भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन कर योगदान पर विमर्श किया गया।महासभा जिलाध्यक्ष डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल स्वतन्त्र भारत के महान दूरदर्शी राजनेता-प्रशासक होने के साथ साथ वे प्रतिष्ठित वकील, बैरिस्टर तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी थे जिन्होंने आजादी के पश्चात 1947 से 1950 तक भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की भूमिका निभाई।

सरदार पटेल होना आसान नहीं है। एक मजबूत, अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे सरदार पटेल। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। महासभा के प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष आर.के. सिंह पटेल, मस्तराम वर्मा, बद्री प्रसाद चैधरी, अशोक कुमार वर्मा, के.सी. पटेल ने कहा कि बारदोली सत्याग्रह ने सरदार



पटेल को 'गुजरात के नायक' तथा राष्ट्रीय स्तर के प्रखर नेता के रूप उभारा। भारत की संविधान सभा में वरिष्ठ सदस्य होने के नाते सरदार पटेल संविधान को आकार देने वाले प्रमुख नेताओं में से एक थे। वे प्रांतीय संविधान समितियों के अध्यक्ष थे। उनके योगदान से नयी पीढी को प्रेरणा लेनी चाहिये।गोष्ठी में घनश्याम चैधरी, प्रमोद चैधरी, मायाराम चैधरी, अजय चैधरी, कृपाशंकर चैधरी, विद्यासागर चैधरी, अशोक कुमार चैधरी, डा. श्याम नरायन चैधरी, मंशाराम चैधरी के साथ ही हास्पिटल के अनेक चिकित्सक आदि शामिल रहे।

यूजीसी का काला कानून वापस न हुआ तो दिल्ली में आन्दोलन-दीनदयाल त्रिपाठी

बस्ती। मेधा पार्टी द्वारा शिक्षा व्यवस्था में सुधार, यूजीसी के नये कानून की वापसी सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर गांधीकला भवन परिसर में बापू प्रतिमा के निकट चल रहा धरना रविवार को 70 वें दिन भी जारी रहा। मेधा ने निर्णय लिया कि 10 जनवरी को दिल्ली पहुंचकर आन्दोलन को नयी धार दिया जायेगा। मेधा पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी ने कहा कि कहा कि 70 दिन के लम्बे धरने के बावजूद अभी तक केन्द्र सरकार के स्तर पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया।

कहा कि जब तक सरकार यूजीसी का काला कानून वापस नहीं लेती या सर्वोच्च न्यायालय से मामले में उचित निर्णय नहीं आ जाता धरना अनवरत जारी रहेगा। कहा कि 10 जनवरी को दिल्ली कूच के लिये बस्ती समेत उत्तर प्रदेश के अनेक जनपदों से लगभग 10 हजार से अधिक लोग दिल्ली पहुंचेंगे। इसके लिये रणनीतिक तैयारियां तेज कर दी गई है।

मेधा पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पं. सुनील भट्ट ने कहा कि केन्द्र की सरकार को यूजीसी का काला कानून वापस लेना ही होगा। कहा कि दिल्ली कूंच के लिये अभी से सम्पर्क तेज कर दिया गया है।

धरने के 70 वें दिन मुख्य रूप से बापू प्रतिमा के निकट धरना देने वालों में मुख्य रूप से उमेश पाण्डेय मुन्ना, विशाल सिंह, दीपक शुक्ला, वृजेश द्विवेदी, अजय कुमार चैधरी, राहुल त्रिपाठी, विपुल सिंह, प्रतीक मिश्र, रूद्र मिश्रा 'लकी', सार्थक पाण्डेय, संजय शर्मा, सर्वेश गौतम, अंशू चैरसिया के साथ ही मेधा के अनेक पदाधिकारी, सदस्य और विभिन्न संगठनों के लोग शामिल रहे।

साहित्यकार चिंतक एवं लेखक डॉक्टर रामदास पांडे गंभीर की पुण्यतिथि मनाई गई

बस्तीं। जिले के ही नहीं प्रदेश के लेखक चिंतक साहित्यकार डॉक्टर रामदास पांडे गंभीर जी की द्वितीय पुण्यतिथि उनके आवास पर मनाई गई जिसमें जिले के गणमान्य एवं साहित्यकारों ने श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पण किया छात्र संघ के पूर्व मंत्री जिला सचिव समाजवादी पार्टी प्रदेश प्रचारक समाजवादी पार्टी गगन पांडे ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की डॉक्टर रामदास पांडे गंभीर एक विख्यात साहित्यकार थे और ग्रामीण अंचल से शिक्षा ग्रहण कर प्रधानाचार्य तक का कार्यभार किया उनके पिता स्वर्गीय राम नरेश पांडे जो एक विख्यात ज्योतिषाचार्य थे स्वर्गीय डॉक्टर रामदास पांडे गंभीर गंभीर ने क्स्पज् तब की शिक्षा ग्रहण की और सैकड़ो पुस्तक का लेखन किया जिनकी पुस्तक कई विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में लगी है और शोध विद्यार्थी उस पर रिसर्च कर रहे हैं उन्होंने झिनकु लाल इंटर कॉलेज कलवारी और देशराज नारंग इंटर कॉलेज वॉटर गंज में अध्यापक का कार्य किया उसके उपरांत आयोग से उनका चयन प्रधानाचार्य पद पर जनपद मऊ में किया गया।

जहां से सेवानिवृत होकर वह अपने ग्राम प्रतापीपुर में रहने लगे साथ-बच्चों को शिक्षित करना उनका प्रथम उद्देश्य था उन्होंने सेवानिवृत होने के बाद भी कई विद्यालयों में भी बच्चों को शिक्षित करने का कार्य किया डॉक्टर रामदास पांडे बहुत ही सरल सहज और सुशील रहे उनके द्वारा अस्तित्व प्रकाशन नाम की संस्था बनाई गई जिसमें गरीब बच्चों को शिक्षित करना ही उस संस्था का उद्देश्य रहा आज भी संस्था द्वारा सामाजिक कार्य क्षेत्र में गरीब बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रही है इस अवसर पर पूर्व मंत्री छात्रसंघ,रवि शंकर शुक्ला छात्र संघ के पूर्व मंत्री अवनीश कुमार पांडे पूर्व उपाध्यक्ष छात्र संघ बुद्धेश चैधरी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अभय कुमार पाल जी ने अपने विचार व्यक्त किया।